# दैनिक भास्कर (Dainik Bhaskar)

PRINT

| National News Paper | Edition : Delhi | Circulation: 17685 |
|---|---|---|
| दिनांक (Dated): 23.6 .2026 | पृष्ठ सं. (Page No.) 2 | क्रम सं. (Serial No.) |

## गृह राज्य मंत्री बी. संजय कुमार ने किया शिलान्यास

# सीआईएसएफ को नौ मंजिला मुख्यालय भवन मिलेगा, नई परियोजनाएं भी शुरू

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली



केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बी. संजय कुमार ने सोमवार को लोधी रोड स्थित सीजीओ कॉम्प्लेक्स में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के नए मुख्यालय भवन की आधारशिला रखी। उन्होंने 136.03 करोड़ रुपए की लागत वाली कई नव-निर्मित बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया।

कार्यक्रम में गृह सचिव गोविंद मोहन, इंटेलिजेंस ब्यूरो के निदेशक तपन कुमार डेका, सांसद बांसुरी स्वराज और सीआईएसएफ के महानिदेशक प्रवीर रंजन सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के वरिष्ठ अधिकारी, सीपीडब्ल्यूडी और एसबीआई के उच्चाधिकारी भी शामिल हुए। सीपीडब्ल्यूडी द्वारा लगभग 75.78 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से निर्मित किया जा रहा 9 मंजिला नया मुख्यालय भवन बल के प्रशासनिक, परिचालन और रणनीतिक कार्यों का प्रमुख केंद्र होगा। इस अत्याधुनिक इमारत में महानिदेशक कार्यालय, विभिन्न शाखाओं के दफ्तर, उन्नत नियंत्रण कक्ष, आधुनिक सम्मेलन कक्ष, विशाल सभागार, पुस्तकालय, व्यायामशाला और अन्य विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस दौरान 3 पूर्ण हो चुकी महत्वपूर्ण परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया गया, जिससे सीआईएसएफ के बुनियादी ढांचे और कार्यक्षमता को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।